Title: Need for construction of a bridge at Used ghat on Chambal river in Morena district, Madhya Pradesh.- Laid

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : सभापति महोदय, मुरैना जिले के उसेद घाट पर चम्बल नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास पूर्व प्रधान मंत्री स्व. राजीव गांधी की सरकार द्वारा किया गया। परन्तु उक्त पुल निर्माण के संबंध में आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है।

उसेद घाट पुल निर्माण से उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद आगरा से यह जिला जुड़ जाएगा और जनता को यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि अविलम्ब मुरैना जिले के उसेद घाट पर चम्बल नदी पर पुल का निर्माण शुरू कराने के लिए संबंधित विभाग को आदेश पारित कराने का कष्ट करें, ताकि उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की जनता कम समय तथा कम खर्च में एक जिले से दूसरे जिले में आ-जा सके।

---

*Treated as Laid on the Table of the House.